न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, दौसा

तारीख हुकम	हुकम या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज बाबूलाल वगैरा बनाम धारासिंह वगैरा प्रार्थना पत्र 14(4) मु0 नं0 - 19/2017	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुकम की तामील में जारी हुए
2-5-18	अधिवक्ता फरीकेन उपस्थित। गत आदेश की पालना में पत्रावली दिनांक 9-5-18 को पेश हो। अति0 जिला कलक्टर दौसा	
09.05.2018	पत्रावली पेश हुई। बार-बार आवाज लगवाने के उपरान्त भी अधिवक्ता प्रार्थी अथवा प्रार्थीगण में से कोई भी उपस्थित नही हुआ। अधिवक्ता अप्रार्थी स. 01 लगा. 03 उपस्थित। अधिवक्ता अप्रार्थी को सुना गया एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से यह तथ्य स्पष्ट है कि पूर्व में इस न्यायालय में प्रस्तुत प्र.स. 11/2009 प्रार्थना पत्र 14(4) उनवान छोटेलाल वगैरा बनाम प्रेम देवी वगैरा विरूद्ध ग्राम अरनिया तहसील बसवा स्थित ख.न. 1511 में से 1.25 है0 भूमि के आवंटन आदेश दिनांक 18.11.2004 बहक गिर्राज प्रसाद पुत्र श्री मूलचन्द जाति नाई निवासी अरनियां तहसील बसवा में निर्णय दिनांक 25.02.2013 द्वारा उक्त आवंटन आदेश दिनांक 18.11.2004 को बहाल रखते हुए प्रार्थना पत्र 14(4) खारिज किया गया है। उक्त आंवटन आदेश के विरूद्ध पुनः प्रार्थीगण बाबूलाल पुत्र छाजूराम जाति माली निवासी अरनियां तहसील बसवा व अन्य द्वारा प्रार्थना पत्र 14(4) प्रस्तुत किया गया है। प्रश्नगत आदेश दिनांक 18.11.2004 के सन्दर्भ में पुनः निर्णय पारित किये जाने का कोई औचित्य नही है। अतः विचाराधीन प्रार्थना पत्र 14(4) खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। अति0 जिला कलक्टर दौसा	

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official